दिल पर तेरी कन्हैया तस्वीर बना ली है

दिल पर तेरी कन्हैया,
तस्वीर बना ली है,
गुलशन है ये तुम्हारा,
इसका तू ही माली है।।

मालिक मकान तू है,
मेरा जहान तू है,
कह कर मैं क्या पुकारूँ,
प्राणों का प्राण तू है,
तू ही मेरा दशहरा,
और तू ही दिवाली है,
तस्वीर बना ली है॥

धड़कन ही बोलती है,
अंतश टटोलती है,
भावों की बात अपनें,
भावों से तोलती है,
कहता नहीं जुबां से,
ऐसा ये सवाली है,
तस्वीर बना ली है॥

तुझे श्याम सब पता है,
जग से क्या वास्ता है,
संसार के रचैया,
सेवक की क्या खता है,
'शिव श्याम बहादुर' ने,
हस्ती ही मिटाली है,
तस्वीर बना ली है॥

दिल पर तेरी कन्हैया,
तस्वीर बना ली है,
गुलशन है ये तुम्हारा,
इसका तू ही माली है।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24558/title/dil-par-teri-kanhaiya-tasveer-bana-li-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |